# "नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोहपूर्वक आयोजित"

नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विश्व की प्रथम सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन और शिक्षण संकाय के प्रमुख पदाधिकारीयो ने नर्सिंग स्टाफ का

सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के दिखाए गए मार्गों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करते हुए सभी को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की बधाई दी।वही कॉलेज मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि नाइटिगेल की मानव सेवा के प्रति साफ भावना ने लोगों को सेवा के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने नर्सिग के कार्य को जन्म दिया था। एक नर्स बिना किसी भेदभाव के बीमार की सेवा करती है, जब कोई बीमार ठीक होकर घर को जाता है तो कहीं ना कहीं वह नर्स को भी दुआएं देता है। मरीज की तंदुरुस्ती में डाक्टर के साथ साथ नर्स की सेवाएं भी शामिल रहती हैं।प्रचार्य प्रो.डॉ अशोक शरण ने नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता पर बल देते हुए कहा कि एनएसएमसीएच का प्रयास है कि नर्सिंग स्टाफ को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और वातावरण उपलब्ध कराया जाए जिससे वे और अधिक प्रभावशाली तरीके से मरीजों की सेवा कर सकें।कार्यक्रम के अंत में सभी नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया गया और उनके उत्साहवर्धन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।

इस अवसर पर डीन प्रो डॉ हरिहर दीक्षित, जॉइंट डायरेक्टर प्रो.डॉ अरविंद प्रसाद, मेडिकल डायरेक्टर प्रो. डॉ रंजीत कुमार सिंह एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट प्रो.डॉ.उदय नारायण सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।